# कांग्रेस नेता अशोक पाटनी की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ विनयांजलि सभा का आयोजन



**इंदौर।** एक ऐसा विराट व्यक्तित्व जिसने अपने संपूर्ण जीवन में निस्वार्थ रहकर समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अपने से जो अच्छा बन पड़ा ...किया । कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे..आदरणीय अशोक जी पाटनी (काका ) का प्रभावशाली व्यक्तित्व , सादगी और सरलता ही उनका चरित्र चित्रण था । ऐसा समय भी था जब प्रदेश की सत्ता की धूरी आदरणीय काका हुआ करते थे । सत्ता और प्रशासन के प्रमुख निर्णय में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी । आज जिन चेहरों को प्रदेश की राजनीति में अहम माना जाता हे उन्हें सत्ता और संगठन में पद दिलाने से ले कर स्थापित करने वाले काका ही थे। सत्ता के प्रमुख केंद्र बिंदु रहने के बावजूद काका पर न तो अहंकार हावी हुआ और ना ही लालच ।उक्त विचार विभिन्न वक्ताओं ने कांग्रेस नेता अशोक पाटनी की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित विनयांजलि सभा में व्यक्त करते हुए उन्हें याद किया अशोक पाटनी के निवास जावरा कंपाउंड पर काका मित्र मंडल , सेठी विचार मंच ओर दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विनयांजलि सभा में प्रमुख रूप से अर्चना जायसवाल , दिलीप राजपाल ,नरेंद्र वेद , राजकुमार पाटोदी , विनय बाकलीवाल , कैलाश वेद , सुरेंद्र बाकलीवाल , प्रदीप बडजात्या , संजय जैन, दिलीप दोषी , अक्षय कासलीवाल , सुनील शाह , चंदू अग्रवाल , अजय सीतलानी , संजय शर्मा (महू ), दिलीप भंडारी , निर्मल कासलीवाल , नकुल पाटोदी , नेम लुहाड़िया , मनोज गोधा ,संजय बाकलीवाल , राजेश जैन , आनंद कासलीवाल , मृदुल गंगवाल , डॉ. देव पाटोदी , चेतन गंगवाल , रवि जैन , नीरज जैन , राजेश जैन (अज्जू), मनोज जैन , जिनेन्द्र सेठी , मनोज जैन, योगेन्द्र बडजात्या आदि उपस्थित थे । प्रारंभ में काका के चित्र पर माल्यार्पण किया गया । इस अवसर पर उनकी धर्म पत्नी श्रीमती सकून पाटनी , अमित पाटनी (बेटा), ज्योति कासलीवाल , राजू पाटनी एवं परिवार जन उपस्थित थे । विनयांजलि सभा का संचालन मनीष अजमेरा ने किया । आभार अमित पाटनी ने माना ।

## पंडित जय जयसेन जैन की स्मृति में ग्रंथ प्रकाशित होगा

**इंदौर ।** जैन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु आजीवन समर्पित रहे शिक्षाविद, पत्रकार और समाजसेवी एवं सन्मति वाणी मासिक पत्रिका के के 43 वर्ष तक प्रधान संपादक रहे पंडित जयसेन जैन की स्मृति में पंडित जयसेन जैन स्मृति ग्रंथ प्रकाशित किया जाएगा।



धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस आशय की घोषणा आज पंडित जी की तेरहवीं के अवसर पर श्री अनंत नाथ जिनालय छावनी में आयोजित शांति विधान के समापन पर डॉ अनुपम जैन ने की। आपने बताया कि स्मृति ग्रंथ प्रकाशन हेतु पंडित श्री जयसेन जैन स्मृति ग्रंथ प्रकाशन समिति का गठन किया गया है जो ग्रंथ का प्रकाशन करेगी। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक संक्षिप्त फोल्डर का विमोचन भी किया गया जिसमें उनके द्वारा धर्म समाज, संस्कृति, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्तविवरण प्रकाशित है। स्मृति ग्रंथ के प्रधान संपादक डॉ अनुपम जैन व संपादक इंजीनियर कैलाश वेद होंगे एवं बाहुबली पांड्या, डॉ जैनेंद्र जैन, डॉ सुशीला सालगिया, एम के जैन एवं जैनेश झांझरी संपादक मंडल के सदस्य होंगें।

## 1 और 2 अप्रैल को इंदौर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी

**इन्दौर।** झुलसाने वाले मार्च की विदाई इस बार शहर में ठंडी नजर आ रही है। कल लगातार दूसरे दिन भी अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री नीचे रहा। इसके कारण शहर को गर्मी से राहत मिल रही है। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार 1 और 2 अप्रैल को इंदौर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं और बारीश की संभावना है। यानी अप्रैल की शुरुआत भी ठंडी ही रहेगी। भोपाल मौसम केंद्र की वैज्ञानिक डॉ दिव्या ने बताया कि उत्तरी हवाओं के चलने के कारण प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान में कमी आ रही है। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर में सक्रिय है और छत्तीसगढ़ के ऊपर एक चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसे देखते हुए इंदौर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं देखने को मिलेगी। हवाओं की गति 45 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचेगी। इसके चलते तापमान में बड़े उछाल की कोई उम्मीद नहीं है।

## श्री पुष्पक म्युजिकल ग्रुप ने सुनाए सदाबहार गीत

**इंदौर।** श्री पुष्पक म्युजिकल ग्रुप के गायक कलाकारों ने अपने आठवें संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन 176, उषानगर एक्स. पर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एल.एन. राठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।



ग्रुप के संस्थापक केशवराव वैद्य ने बताया कि प्रहलाद जी जाटवा, ज्योति शर्मा, दीप्ति सोनी, सरला नरवड़े, रेशमा बागेचा, सुभाष गोहर, शशिकांत आपटे, दिलीप देशपांडे, प्रदीप फणसे, वीरेंद्र जैन, अरुणा जैन, श्याम तायड़े और स्मिता वैद्य ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल - 8 लाख महिलाओं को बनाएगा उद्यमी

**इंदौर।** लुनिया विनायक ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरपर्सन श्री जैन विनायक अशोक लुनिया ने देश के 31 राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और 5 केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को पत्र लिखकर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की जानकारी दी। यह पहल डिजिटल इंडिया और एमएसएमई स्टार्टअप मिशन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने पर केंद्रित है।



### कार्यक्रम का लक्ष्य

देशभर की 8 लाख महिलाओं को ई-कॉमर्स व्यापार से जोड़ा जाएगा। महिलाओं को भारत में निर्मित हस्तशिल्प और उत्पादों को निर्यात करने का अवसर मिलेगा। उन्हें व्यवसाय पंजीकरण और ई-कॉमर्स वेबसाइट दी जाएगी। निशुल्क तक्ष्ष्ट कोर्स के जरिए डिजिटल व्यापार की ट्रेनिंग मिलेगी। 7-8 लाख की लागत घटकर ?15,000 में अवसर आमतौर पर ई-कॉमर्स व्यापार शुरू करने में 7-8 लाख का खर्च आता है, लेकिन इस कार्यक्रम में महिलाएं मात्र ?15,000 में व्यवसाय शुरू कर सकेंगी।

### अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

प्रत्येक राज्य में 20,000 महिलाओं को जोड़ा जाएगा। - यदि एक महिला 5 लाख मासिक व्यापार करती है, तो 20,000 महिलाओं का कुल मासिक टर्नओवर 10,000 करोड़ होगा। - इस पर 18% जीएसटी लगने पर सरकार को हर राज्य से 900 करोड़ का मासिक राजस्व मिलेगा। इस पहल से 2-5 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

## जनपद प्रतिनिधि के ऑफिस में तोड़फोड़ कर जान लेवा हमला करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**इंदौर ।** मऊ थाना किशनगंज के अंतर्गत देर रात 11 से 12 बजे के बिच मनाल होटल सरकारी कुए के पास पुलिस चौकी विश्वास नगर में जनपद प्रतिनिधि संग्राम सिंह राजे भोसले के ऑफिस मे कुछ हथ्यार बंद 4 से 6 गुंडो ने तोड़ फोड़ कर संग्राम सिंह के पुत्र युवराज सिंह राजे भोसले पर जान लेवा हमला किया ।



घायल को गंभीर अवस्था मे टी चोइथ राम हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया थाना किशनगंज पुलिस द्वारा आरोपियों पर नार्मल धारा 809 के तहत कार्यवाही की गई जबकि फरियादि को सर मे गंभीर चोट आई है आरोपि नानूराम मीणा उसका पुत्र अपने 6 साथियो के साथ हथियार लेकर हत्या करने की नियत से आए और ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ कर गाली गलौज कर संग्राम सिंह के बेटे पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया सर में गंभीर चोट और अन्य जगह चोट लगने के कारण चोइथ राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया सूत्रों के अनुसार नानूराम मीणा और उसका पुत्र हिस्ट्रीशीटर बदमाश है इनके ऊपर कई गंभीर अपराध थाना किशनगंज और अन्य स्थानों पर दर्ज है इन अपराधीयो को बन्दुको का लासेन्स भी शांति भंग करने के लिये किसकी अनुशंसा पर दिया गया लाइसेंसी बंदूको का दुरुपयोग किया जा रहा थाना किशनगंज द्वारा संग्राम सिंह और उसके ऑफिस में तोड़फोड़ करने और पुत्र पर जानलेवा हमला करने पर पुलिस किशनगंज द्वारा छोटी-मोटी कार्रवाई की गई जबकि हिस्ट्रीसीटर बदमाशों पर रासूका के तहत कार्यवाही होना चाहिए।

## स्वच्छता का तमगा लगाए 56 दुकान पर गंदगी का दाग लगा

**इन्दौर।** वैसे तो 56 दुकान पर स्वच्छता का तमगा लगाया गया था, लेकिन समय के साथ अव्यवस्थाओं से सराबोर 56 दुकान पर जहां गंदगी नजर आने लगी, वहीं कचरा भी पाया गया तो कुछ दुकानदार बिना लायसेंस दुकान चलाते पाए गए। कल मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई 56 दुकान और उसके आसपास के बाजारों में दुकानों के बाहर तक हुए कब्जे हटाने के साथ-साथ गंदगी और कचरे को लेकर 38 दुकानदारों के चालान बनाए गए, जिनसे डेढ़ लाख से ज्यादा की राशि वसूली गई। कुछ जगह कार्रवाई के दौरान दुकानों के कर्मचारियों से निगमकर्मियों से विवाद भी हुआ। मोबाइल कोर्ट की कार्रवाइयां पिछले कुछ दिनों से फिर शुरू की गई है और कल दोपहर बाद विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश गुप्ता के निर्देश पर मोबाइल कोर्ट और निगम की टीम ने 56 दुकान और उसके आसपास के बाजारों में कार्रवाई की। इस दौरान कई दुकानों पर लायसेंस नहीं था, इसके साथ ही कुछ जगह सड़कों तक कब्जा किया गया था। इस मामले को लेकर दुकानदारों के चालान बनाए गए। निगम अधिकारियों के मुताबिक 38 से ज्यादा दुकानों के चालान बनाए गए और उनसे 1 लाख 58 हजार की राशि वसूली गई।

## म.प्र. बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत 1 अप्रैल से होंगे प्रभावशील

### केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में हुआ निर्णय

**भोपाल/इन्दौर ।** आवासीय आरसीसी निर्माण तथा समस्त क्षेत्रों में आरबीसी/ टिन शेड/ कच्चा कवेलू के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रचलित निर्माण दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यथावत जारी रहेंगी।

यह निर्णय शनिवार को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में लिया गया। बैठक में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के सभी सदस्य उपस्थित थे। मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शन सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के अंतर्गत अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के मार्गदर्शन सिद्धांत के प्रस्ताव के अनुमोदन और भूमि, भवन एवं स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के नियतन के लिए मानदंड/ उपबंध के अनुमोदन के संबंध में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड/ महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों से बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 के अनुमोदित प्रस्तावों पर विचार करने के बाद उन्हें मान्य किया गया। निर्णय अनुसार बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत वर्ष 2025-26 आगामी 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील हो जायेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में बाजार मूल्य से अधिक मूल्य पर पंजीबद्ध दस्तावेज नवीन प्रस्तावित रिंग रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, प्रधानमंत्री सड़क अन्य जिला सड़क, तीव्र नगरीकरण, प्रदेश में विकसित हो रही शहरी अधोसंरचना आदि को दृष्टिगत रखते हुए जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर विचार के बाद दरों को प्रस्तावित मूल्यों के आधार पर युक्तियुक्त किए जाने का निर्णय लिया। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शन सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम-2018 के नियम-3 (2) (ख) के अनुसार भूमि, भवन तथा स्थावर संपत्ति में विभिन्न प्रकार के हितों के संबंध में बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए मानदंडों/ उपबंधों के संबंध में विचारोपरांत वर्तमान प्रचलित उपबंधों 2024-25 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मान्य करने का निर्णय लिया गया।

## राजयपाल मगू भाई आमंत्रित



**इन्दौर।** राजयपाल मांगूभाई पटेल को रमेश गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैट के नेतृत्व मे प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाक़ात कर फालदार पौधों के रोपण कार्यक्रम हेतु 67001 वा पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत करने हेतु आमंत्रित किया द्य राजयपाल महोदय ने स्वीकृति दी व गुप्ता परिवार द्वारा फलदार पौधों के रोपण पर प्रसन्नता व्यक्त की द्य श्रीं गुप्ता के साथ जगदीश खंडेलवाल,विपिन गुप्ता, धीरेन्द्र पटेल व हार्दिक घोया उपस्थित थे .

## माय टीम फाउंडेशन द्वारा भोजन वितरण



**इन्दौर।** माय टीम फाउंडेशन, परदेशी पूरा - इंदौर द्वारा शनिश्चरी अमावस्या के पावन पर्व पर भोजन प्रसाद वितरण नेहरू मार्केट स्थित पर सम्पन्न हुआ ! इसके साथ ही लोगों को हिंदुत्व धर्म के प्रति जागरूक किया ! आयोजन में मुख्य रूप से माय टीम फाउंडेशन के फाउंडर विजय प्रकाश कुवाल, अध्यक्ष अमित मुराड़े, उपाध्यक्ष कपिल लंभाते, सचिव अशोक योगी, कोषाध्यक्ष रवि यादव, सह-सचिव सुनेंद्र सिंह चौधरी, सचिन रायकवार, संतोष पिचोरे, जितेंद्र सिलावट, मोनू चंदेल एवं फाउंडेशन कार्यकारिणी समिति के सदस्य उपस्थित रहे !

## लाल कार, मैदान खड़ी




आज के युग में विज्ञापन के नए-नए तरीके और प्रचार के साधनों का उपयोग देखने को मिलता है इसी श्रृंखला में रतलाम के एक ज्वेलर्स के आगामी दिनों इंदौर में शुभारंभ होने वाले शोरूम के प्रचार के लिए एक सजी-धजी लाल गाड़ी आज शहर के यशवंत निवास रोड से लेकर अन्य मार्ग पर दौड़ती नजर आई, गाड़ी की शानदार बनावट और एकदम लाल कलर की इस कार ने आने जाने वाले नागरिकों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया । ( **फोटो ,अजयगणेश चौधरी**)

## कांग्रेस बलविलन्द्र कोर का स्वागत किया



**इंदौर।** जिला कोर्ट परिसर के सभी साथियो ने जबलपुर म. प्र. से इंदौर आई बलविलन्द्र कोर का स्वागत शाल. दुपट्टा पहनाकर किया. वे कांग्रेस की पूर्व पार्षद भी रही उन्होंने ने कांग्रेस के लिए अनेको शहरों में काम किया है. वे अल्पसंख्यकयों के लिए भी काम करतीआज भी वे कांग्रेस में प्रभारी का कार्य कर रही है.श्री राजपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे देश की संस्कृति साधना सिखाती है अधीर बनने का नहीं मनुष्य का स्वभाव है कि वह फल जल्दी चाहत है. अगर हम बड़े नेता बनना है. तों हमें कठिन परिश्रम के साथ अधिक कार्य कर जनता का विश्वास के साथ मत प्राप्त करना होगा.इस काम से कांग्रेस पार्टी में शाख बनेगी , जिससे उनकी इज्जत सभी शहरों में होंगी.उनका स्वागत दिलीप राजपाल पूर्व मंत्री,राजनन्द अग्रवाल. प्रहलाद वर्मा.एडवोकेट सुरेंद्र सिंह. रामस्वरूप मंत्री. अकबर खान. निमयत खान. शेरा जी,सुभाष जैन.रमेश. शोरभ. सुनील शर्मा.ने स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन जानकीलाल पटेरिया,ने किया आभार सुभाष जैन ने माना यहां जानकारी जानकीलाल पटेरिया ने दी.

## कार्टून कोना....

